चयन के लिए 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type with Multiple Choice) की दो घन्टे की एक लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन तथा पद की न्यूनतम अर्हता से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे। सामान्य ज्ञान में कुछ प्रश्न उत्तराखण्ड राज्य से सम्बन्धित भी होंगे।

20. तकनीकी सहायक (Technical Assistant) कुल पद– 01

(i) रिक्तियों का विवरण एवं आरक्षण की स्थितिः–

| पद नाम | लम्बवत आरक्षण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ0जा0 (SC) | अ0ज0जा0 (ST) | अ0पि0व0 (OBC) | आ0क0व0 (EWS) | सामान्य(UR) | योग |
| तकनीकी सहायक | - | - | - | - | 01 | **01** |

(ii) वेतनमानः– 29200.00 – 92300.00 (Level – 5)

(iii) आयु सीमाः– 18 वर्ष से 42 वर्ष तक।

(iv) पद का स्वरूपः– अराजपत्रित एवं आयोजनागत बजट में स्वीकृत तथा निरन्तरता की स्वीकृति की प्रत्याशा में विज्ञापित।

(v) अर्हताः– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0सी0ए0 / बी0एससी0 कम्प्यूटर सांइस 'आनर्स' / बी0टैक0 कम्प्यूटर सांइस की उपाधि तथा किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / अन्य संस्थान में न्यूनतम दो वर्ष का कार्य अनुभव।

**अथवा**

एम0सी0ए0 की उपाधि एवं किसी विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय/ अन्य संस्थान में न्यूनतम एक वर्ष का कार्य अनुभव।

(vi) लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु पद के अनुसार पाठ्यक्रमः–

चयन के लिए 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type with Multiple Choice) की दो घन्टे की एक लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन तथा पद की न्यूनतम अर्हता से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे। सामान्य ज्ञान में कुछ प्रश्न उत्तराखण्ड राज्य से सम्बन्धित भी होंगे।

21. कार्यशाला सहायक (Workshop Assistant) कुल पद– 01

(i) रिक्तियों का विवरण एवं आरक्षण की स्थितिः–

| पद नाम | लम्बवत आरक्षण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ0जा0 (SC) | अ0ज0जा0 (ST) | अ0पि0व0 (OBC) | आ0क0व0 (EWS) | सामान्य(UR) | योग |
| कार्यशाला सहायक | - | - | - | - | 01 | **01** |

(ii) वेतनमानः– 18000.00 – 56900.00(Level – 1)

(iii) आयु सीमाः– 18 वर्ष से 42 वर्ष तक।

(iv) पद का स्वरूपः– अराजपत्रित एवं आयोजनागत बजट में स्वीकृत तथा निरन्तरता की स्वीकृति की प्रत्याशा में विज्ञापित।

(v) अर्हताः– उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद या उत्तराखण्ड शिक्षा एवं परीक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(vi) लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु पद के अनुसार पाठ्यक्रम एवं प्रक्रियाः–

चयन के लिए 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type with Multiple Choice) की दो घन्टे की एक लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन तथा पद की न्यूनतम अर्हता से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे। सामान्य ज्ञान में कुछ प्रश्न उत्तराखण्ड राज्य से सम्बन्धित भी होंगे।

22. बहुउद्धेशीय कर्मी (M.T.S) कुल पद– 05

(i) रिक्तियों का विवरण एवं आरक्षण की स्थितिः–

| पद नाम | लम्बवत आरक्षण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ0जा0 (SC) | अ0ज0जा0 (ST) | अ0पि0व0 (OBC) | आ0क0व0 (EWS) | सामान्य(UR) | योग |
| बहुउद्धेशीय कर्मी | 01 | - | - | - | 04 | **05** |

(ii) वेतनमानः– 18000.00 – 56900.00 (Level – 1)

(iii) आयु सीमाः– 18 वर्ष से 42 वर्ष तक।

(iv) पद का स्वरूपः– अराजपत्रित एवं आयोजनागत बजट में स्वीकृत तथा निरन्तरता की स्वीकृति की प्रत्याशा में विज्ञापित।

(v) अर्हताः– उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद या उत्तराखण्ड शिक्षा एवं परीक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष

मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(vi) लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु पद के अनुसार पाठ्यक्रम एवं प्रक्रियाः–

चयन के लिए 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type with Multiple Choice) की दो घन्टे की एक लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे। सामान्य ज्ञान में कुछ प्रश्न उत्तराखण्ड राज्य से सम्बन्धित भी होंगे।

23. **लिखित प्रतियोगी परीक्षाः–**

(i) सामान्य व ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को 45 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी अभ्यर्थियों को 35 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य हैं, अन्यथा वे लिखित परीक्षा में अनअर्ह माने जायेंगे।

(ii) लिखित परीक्षा प्रश्न पत्र मूल्यांकन में प्रत्येक सही उत्तर का 1 अंक दिया जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये गलत उत्तर के लिए दण्ड स्वरूप ऋणात्मक मूल्यांकन किया जायेगा। प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/4 ऋणात्मक अंक दिया जायेगा।

(iii) यदि अभ्यर्थी किसी भी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जायेगा यदि दिये गये उत्तरों में से एक उत्तर सही भी हो, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपरोक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जायेगा।

(iv) अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा की प्रश्न बुकलेट, परीक्षा के पश्चात् अपने साथ ले जाने की अनुमति दी जायेगी।

(v) लिखित परीक्षा के ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (O.M.R. Sheet) ट्रिप्लीकेट में होंगे। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की द्वितीय प्रति अलग से संरक्षित रखी जाएगी तथा तृतीय प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी उत्तर पत्रक की मूल प्रति एवं द्वितीय प्रति कक्ष निरीक्षक को अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।

(vi) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई ऋणात्मक अंक नही दिया जायेगा।

(vii) ओ0एम0आर0 शीट में व्हाइटनर का उपयोग या विकल्पों को खुरचना/ छेड़छाड आदि प्रतिबंधित है और इसके लिए भी ऋणात्मक अंक दिया जाएगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा एक उत्तर विकल्प को खुरच कर या व्हाइटनर आदि का प्रयोग करके मिटाकर अन्य उत्तर विकल्प का गोला भरा गया है, तो उन्हे उस उत्तर का अंक नहीं मिलेगा एवं 1/4 ऋणात्मक अंक की भी कटौती की जायेगा।

(viii) अभ्यर्थी अपनी ओ0एम0आर शीट में गलत रोल नम्बर अथवा बुकलेट सीरीज अंकित करता है या कुछ भी अंकित नहीं करता है तो उसकी ओ0एम0आर शीट का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और अभ्यर्थी का अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

(ix) अभ्यर्थियों को यह भी सूचित करना है कि उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन यांत्रिक है व OMR पद्वति पर है। ऐसे में किसी प्रश्न के एक से अधिक विकल्प पर चिन्ह अंकित होना या छोटा बिन्दु आ जाना या कोई और निशान हो जाने से उनका उत्तर गलता हो सकता है। अतः OMR Sheet को अत्यंत सफाई से अंकित करें व OMR Sheet को अत्यंत स्वच्छ रखें।

24. **आयुः–**
**आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2021 है।**

परन्तु यह कि उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं ऐसी अन्य श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय समय पर अधिसूचित की जांय, अभ्यर्थियों की स्थिति में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

25. उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर समूह 'ग' के सीधी भर्ती के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन करने के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होगा, जिसने अपनी हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट अथवा इनके समकक्ष स्तर की शिक्षा उत्तराखण्ड राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्राप्त की

हो,

**परन्तु यह कि सैनिक/अर्द्धसैनिक बलों में कार्यरत तथा राज्य सरकार अथवा उसके अधीन स्थापित किसी राजकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में नियमित पदों पर नियमित रूप से नियुक्त कार्मिकों एवं केन्द्र सरकार अथवा केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में नियमित पदों पर नियमित रूप से उत्तराखण्ड में कार्यरत ऐसे कर्मी, जिनकी सेवाऐं उत्तराखण्उ से बाहर स्थानांतरित नहीं हो सकती हों, स्वयं अथवा उनके पति/पत्नी, जैसी भी स्थिति हो, तथा उनके पुत्र/पुत्री राज्याधीन सेवाओं में समूह 'ग'के सीधी भर्ती के पदों पर चयन हेतु आवेदन के पात्र होंगे। राज्य के स्थायी निवासी जो उत्तराखण्ड के बाहर निवासरत हैं, के स्वयं अथवा उनके पति/पत्नी, जैसी भी स्थिति हो तथा उनके पुत्र/पुत्री भी समूह 'ग'के सीधी भर्ती के पदों पर आवेदन हेतु पात्र होंगे।**

26. अनापत्ति प्रमाण–पत्रः–

जो अभ्यर्थी आवेदन करने की तिथि को सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवा में हों, उन्हें विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

27. राष्ट्रीयताः–

सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थीः–

(क) भारत का नागरिक हो या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के आशय से पहली जनवरी, 1962 ई0 से पूर्व भारत आया हो या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के आशय से पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देशों, केन्या, यूगांडा और यूनाईटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रवर्जन किया होः

परन्तु यह कि उपयुक्त श्रेणी का (ख) या (ग) के अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह राज्य सरकार से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले।

परन्तु यह है कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उप–महानिरिक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लेंय

परन्तु यह भी कि यदि अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि से आगे सेवा में इस शर्त के अधीन रहते हुए रखा जाएगा कि उसने भारी की नागरिकता प्राप्त कर ली हो।

टिप्पणीः– ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हों, किसी परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त के अधीन रहते हुए अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

28. चरित्रः–

सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो। चयन प्रक्रिया के दौरान यदि अभ्यर्थी का कार्य–व्यवहार उचित नही पाया जाता है, तो उनके विरूद्ध सम्यक् कार्यवाही की जायेगी। परीक्षा की शुचिता को बाधित करने के लिए नियमानुसार दण्डाात्मक कार्यवाही भी विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी।

29. वैवाहिक प्रास्थितिः–

सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो। परन्तु यह कि राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं, यदि उनका समाधान हो जाय ऐसा करने के विशेष कारण विद्यमान हैं।

30. शारीरिक स्वस्थता:–

किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वो किसी ऐसे शारीरिक दोष से युक्त न हो, जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वो वित्त हस्त–पुस्तिका खण्ड–दो, भाग–तीन के अध्याय–तीन में मूल नियम–10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार चिकित्सा परिषद् की परीक्षा उत्तीर्ण करे।

31. आरक्षण:–

1– **ऊर्ध्व आरक्षण–** उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछडी जातियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

2– **क्षैतिज आरक्षण–** उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा भूतपर्वू सैनिकों को क्षैतिज आरक्षण उत्तराखण्ड के प्राविधानों तथा समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्गत नियमों/शासनादेशों के अनुसार देय होगा।

3–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का आरक्षण उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जिन्हे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण प्राप्त नहींहै।

1. शासनादेशों के नवीनतम् प्राविधानों के अनुसार उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाजि के लिए स्वीकृत कुल संवर्गीय पदों का 19% उत्तराखण्ड के अनुसूचित जनजातियों के लिए स्वीकृत कुल संवर्गीय पदों का 04%उत्तराखण्ड के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्वीकृत कुल संवर्गीय पदों का 14%तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए स्वीकृत कुल संवर्गीय पदों का 10%ऊर्ध्व आरक्षण अनुमन्य होगा।
2. शासनादेंशों के नवीनतम् प्राविधानों के अनुसार उत्तराखण्ड की महिला के लिए 30%उत्तराखण्ड के भूतपूर्व सैनिक के लिए 05 प्रतिशत उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित के लिए 02%दिव्यांगजनों के लिए 04%तथा उत्तराखण्ड के अनाथ बच्चों के लिए 05%क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य होगा।
3. यदि अभ्यर्थी एक से अधिक श्रेणी में आरक्षण का दावा करता है तो वह केवल एक श्रेणी, जो उसके लिए अधिक लाभदायक होगा, का लाभ पाने का पात्र होगा।
4. क्षैतिज या उर्ध्व कोई भी आरक्षण हेतु राज्य के निवासी अभ्यर्थियों को आनलाईन आवेदन पत्र में संबंधित आरक्षण श्रेणी के साथ–साथ अधिवास (Domicile) विकल्प का चयन करना होगा व संबंधित कटन को क्लिक करना होगा, अन्यथा वे आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं कर पायेंगे।

32. ऑनलाईन आवेदन किए जाने हेतु प्रक्रिया:–

1. सर्वप्रथम दून विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट https://www.doonuniversity.ac.in/पर आनलाइन आवेदन करने के लिए जायें। इसके पश्चात Recruitment पर Click करें।
2. आवेदन करने/ भरने से पहले आप वेबसाइट पर दिये गये विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें, इसके पश्चात इसके पश्चात Click here to Apply पर क्लिक करें, और फिर “Candidate Registration”पर अपना नाम, मोबाइल नम्बर एवं ईमेल भर कर रजिस्ट्रेशन करें।
3. रजिस्ट्रेशन के बाद आपके मोबाइल नम्बर पर एक वेरिफिकेशन कोड आयेगा। यह वेरिफिकेशन कोड आपका पासवर्ड है। इस वेरिफिकेशन कोड को डालकर अपना मोबाइल नम्बर सत्यापित करें।
4. मोबाइल नम्बर सत्यापन के पश्चात आपको आवेदन पत्र भरना है एवं अपने पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एवं अन्य अभिलेखों की स्कैन की हुई प्रति को निर्धारित प्रारूप में अपलोड करना है।

5. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के पश्चात आपको आवेदन शुल्कआनलाइन जमा करना है।
6. ऑनलाईन आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटी को शुल्कजमा करने से पहले ही सही किया जा सकता है। उम्मीदवार शुल्क जमा होने के बाद आवेदन submitहोने पर अपने आवेदन में बदलाव नहीं कर सकते। अतः शुल्क जमा करने के पूर्व सावधानी पूर्वक आवेदन–पत्र की प्रत्येक प्रविष्टि की जांच कर लें।
7. शुल्क जमा करने के पश्चात आप अपने द्वारा भरे गये आवेदन पत्र की प्रति एवं शुल्कजमाकी रसीद प्रिंट कर सकते हैं।
8. केवल पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार का आवेदन ही सिस्टम द्वारा स्वीकार किये जायेंगे।

33. शुल्कः–

ऑनलाईन आवेदन पत्र को भरने के लिए अभ्यर्थी सर्वप्रथम ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करेगा तत्पश्चात आवेदन–पत्र भरने के उपरान्त आवेदन शुल्क का भुगतान करेगा/ करेगी। आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाईन(Net Banking/Debit/Credit Card)के माध्यम से जमा कर सकतेहैं। निर्धारित तिथि तक शुल्क विश्वविद्यालय के खाते में प्राप्त होने पर ही आवेदन पत्र पूर्ण भरा हुआ माना जायेगा। जमा शुल्क किसी भी दशा में अभ्यर्थी को वापस नहीं होगा। अभ्यर्थी जमा शुल्क की प्राप्ति रसीद/ऑनलाइन की प्रति अभ्यर्थी अपने पास अवश्य सुरक्षित रख लें।

अभ्यर्थी को निम्नलिखित परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य हैः–

| क्र0सं0 | श्रेणी | शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | अनारक्षित (सामान्य)/उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग | रू0 300/–मात्र |
| 02 | उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति (एस0सी0) | रू0 150/–मात्र |
| 03 | उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति (एस0टी0) | रू0 150/–मात्र |
| 04 | उत्तराखण्ड दिव्यांग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | रू0 150/–मात्र |

नोटः– निर्धारित तिथि तक शुल्क विश्वविद्यालय के खाते में प्राप्त होने पर ही आवेदन पत्र पूर्णरूप से भरा हुआ माना जायेगा।

**34. उपरोक्त निर्देशों के साथ–साथ आवेदन पत्र भरने से पूर्व निम्न महत्वपूर्ण निर्देशों व शर्तों को पढ़ें:–**

1. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वह ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने की अन्तिम तिथि तक अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों। सभी प्रकार के पूर्ण ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि को नियत समय तक अभ्यर्थी को "ONLINE APPLICATION" प्रक्रिया में "Submit"बटन को "Click"करना अनिवार्य है। तत्पश्चात नियत अवधि तक परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करना है, तभी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन–पत्र तथा अन्य अभिलेखें की प्रिन्टआउट प्रति भविष्य में विश्वविद्यालय से किये जाने वाले पत्राचार व अन्य आवश्यक उपयोग/साक्ष्य हेतु अपने पास सुरक्षित रखें। यदि अपने अभ्यर्थन या अन्य मामलों में अभ्यर्थी कोई आपत्ति प्रस्तुत करें, तो आवेदन पत्र आदि अभिलेख अनिवार्य रूप से संलग्न करें।
3. परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्रता की सभी शर्तो को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा। अभ्यर्थी को मात्र प्रवेश–पत्र जारी किए जाने का यह अर्थ नही

होगा कि उसका अभ्यर्थन विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है। यदि अभिलेख सत्यापन के चरण तक किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नही था तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा और यदि वह अंतिम रूप से चयनित हो जाता है तो भी चयन की संस्तुति वापस ले ली जाएगी।

4. ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व विज्ञापन में वर्णित समस्त निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र को सही–सही भरें। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिए जाने के उपरान्त मूल आवेदन पत्र में दर्शाए गए विवरणों/ प्रविष्टियों में किसी भी प्रकर का परिवर्तन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।
5. विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न की जाने वाली सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया पद की संगत अद्यतन प्रचलित नियमों/ परिनियमावली/मैनुअल्स/मार्ग–दर्शक सिद्धान्तों एवं समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय इत्यादि में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत सम्पन्न की जायेगी।
6. विश्वविद्यालय अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के सम्बन्ध में कोई परामर्श नहीं देता हैं। इसलिये अभ्यर्थी विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और तभी आवेदन करें जब वे संतुष्ट हो कि वे विज्ञापन की शर्तो के अनुसार अर्ह हैं। अभिलेख सत्यापन के समय अभ्यर्थी की शैक्षिक व अन्य अनिवार्य अर्हताओं को प्रचलित नियमों तथा विज्ञापन के प्राविधानों के अनुरूप ही देखा जायेगा। प्रचलित नियमों तथा विज्ञापन से अलग अर्हता धारण करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। अधिवयस्क, अल्पवयस्क तथा शैक्षिक अर्हता के आधार पर अनर्ह होने अथवा नियमों, प्रक्रिया आदि के उल्लघंन के कारण अस्वीकृत किये जाने वाले आवेदन–पत्रों के मामलों में विश्वविद्यालय द्वारा कोई शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
7. अभिलेख सत्यापन के समय विश्वविद्यालय अभ्यर्थी के द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित की गई शैक्षिक अर्हताओं का मिलान अभ्यर्थी के पास धारित मूल शैक्षिक प्रमाण–पत्रों से करेगा। इन प्रमाण–प्रत्रों का विधिवत सत्यापन नियोक्ता द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन के उपरांत ही किसी अभ्यर्थी के अभ्यर्थन का निर्णय होगा।
8. यदि कोई अभ्यर्थी अपनी श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क से कम शुल्क जमा करता है तो उसका आवेदन पत्र निरस्त/ अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।
9. वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पत्रों से संबंधित उत्तर कुंजी/कुंजियों को परीक्षा समाप्ति के उपरान्त उसी दिन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थी उत्तर कुंजी के प्रसारित किये जाने के 07 दिनों के भीतर प्रश्नपत्र एवं संबंधित उत्तर के संबंध में अपना प्रत्यावेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवधि के उपरान्त प्राप्त प्रत्यावेदनों पर विश्वविद्यालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा।
10. परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी को फोटो कैमरा, कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, स्कैनर पेन अथवा किसी भी प्रकार के संचार यंत्र अथवा किसी भी इलैक्ट्रनिक उपकरण के प्रयोग की अनुमति नहीं हैं। यदि वे इन अनुदेशों का उल्लंघन करते पाए जाते है तो उन पर विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में आयोजित की जाने वाली इस अथवा सभी परीक्षाओं में सम्मिलित होने पर रोक सहित अन्य कार्यवाही की जा सकती है। अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर फोटो कैमरा, कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, स्कैनर पेन अथवा किसी भी प्रकार के संचार यंत्र अथवा किसी भी इलैक्ट्रोनिक उपकरण सहित किसी प्रकार कि प्रतिबन्धित सामग्री न लाएं क्योंकि उनकी सुरक्षा का प्रबन्ध नहीं किया जा सकता है।
11. अनुचित साधन सख्ती से प्रतिबन्धितः–परीक्षा कक्ष में कोई भी अभ्यर्थी किसी भी अन्य अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिका से न तो नकल करेगा, न ही नकल करवायेगा और न ही किसी अन्य तरह की अनुचित सहायता देगा, न ही सहायता देने का प्रयास करेगा, न ही सहायता प्राप्त

करेगा और न ही प्राप्त करने का प्रयास करेगा।

12. परीक्षा भवन में आचरणः– कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें, अव्यवस्था न फैलाएं तथा परीक्षा संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा तैनात स्टाफ को पेरशान ना करें। ऐसे किसी भी दुराचरण के लिए कठोर दण्ड दिया जाएगा। परीक्षा की समाप्ति के उपरान्त उत्तर पुस्तिका (OMR) की मूल व द्वितीय प्रति कक्ष निरीक्षक को सौंपकर ही परीक्षा कक्ष के बाहर जाए। यदि अभ्यर्थी मूल या द्वितीय प्रति कक्ष निरीक्षक को न देकर स्वयं ले जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी का परिणाम रोक दिया जायेगा।
13. केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन अथवा उनके नियंत्रणाधीन कार्यरत अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों के सत्यापन के समय अपने सेवा नियोजक का 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' मूल रूप में तथा स्वःप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।
14. कदाचार के दोषी पाये गए अभ्यर्थियों के विरूद्ध कार्यवाहीः– अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि आवेदन करते समय न तो कोई झूठे विवरण प्रस्तुत करें और न ही किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपाएं। उन्हें यह भी चेतावनी दी जाती है किवे अपने द्वारा प्रस्तुत किसी प्रलेख या उनकी अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रति की किसी प्रविष्टि में कोई शोधन या परिवर्तन या अन्यथा फेरबदल नहीं करें तथा न ही वे फेरबदल किया गया/जाली प्रलेख प्रस्तुत करें। यदि दो या दो से अधिक दस्तावेंजो के बीच अथवा उनकी अनुप्रमाणित/प्रमाणित प्रतियों में कोई असंगति या विसंगति हो तो इस विसंगति के बारे में अभ्यर्थी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहिए। परीक्षा कक्षा में प्रतिबंधित इस विसंगति के बारे में अभ्यर्थी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहिए। परीक्षा कक्ष में प्रतिबंधित सामग्री ले जाने, अनुचित साधनों के प्रयोग करने, अनुचित आचरण करने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त करने के साथ ही उन्हें विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए प्रतिबन्धित करने व उनके विरूद्ध अन्य विधिक कार्यवाही भी की जायगी। परीक्षा के उपरांत चयन के अन्य चरणों में भी अभ्यर्थियों द्वारा की गई अनुशासनहीनता उनके अभ्यर्थन को निरस्त करने हेतु आधार बनेंगी।
15. आवेदित पद पर अन्तिम रूप से चयनित हो जाने के बाद भी अभ्यर्थी को नियुक्ति की संस्तुति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता है जब तक कि विश्वविद्यालय को ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा आवश्यक समझा जाय, यह समाधान न हो जाये कि वह नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है। नियुक्ति का अंतिम निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा लिया जायेगा।
16. परीक्षा केंन्द्रो के लिए यद्यपि अभ्यर्थी से प्राथमिकता ली जाती है, तथापि परीक्षा की गोपनीयता/शुचिता के दृष्टिगत या अन्य व्यावहारिक कठिनाइयों के दृष्टिगत इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। अतः परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
17. लिखित प्रतियोगी प्रीक्षा में प्राप्त अंकों से वरिष्ठता निर्धारित की जाएगी। दो या उससे अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में आयु के आधार पर वरिष्ठता का निर्धारण होगा।
18. अभ्यर्थियों को परीक्षा से सम्बन्धित समस्त सूचाएं वेबसाइट के माध्यम से अवगत करायी जायेगी। अतः अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.doonuniversity.ac.in/ का समय–समय पर अवलोकन करना सुनिश्चित करें।
19. इस विज्ञप्ति द्वारा प्रारम्भ की गई चयन प्रक्रिया में पदों की संख्या आवश्यकता के अनुरूप घटाई या बढ़ाई जा सकती है। परीक्षा का पाठ्यक्रम तथा परीक्षा में अभ्यर्थन से संबंधित अन्य शर्ते व पात्रतायें स्पष्ट हैं। इन्हें भलीभॉति देखकर आवेदन करें। आवेदन–पत्र भर जाने का अर्थ है कि अभ्यर्थी इन सभी बातों को स्वीकार करते हैं । इसके बाद चयन प्रक्रिया के अगले चरणों में इन शर्तो, पात्रताओं व पाठ्यक्रम आदि पर आपत्ति स्वीकार नहीं कि जायेगी तथा इस चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला समझा जायेगा।
20. आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरना एक महत्वपूर्ण कार्य हैं। अभ्यर्थी, पद के लिए निर्धारित शैक्षिक अर्हता, आरक्षण आदि को सावधानीपूर्वक पढ़कर ही आवेदन पत्र भरें, क्योंकि फार्म में बिना प्रमाण–पत्रों/ संलग्नकों के सन्निरीक्षा की जानी संभव नहीं है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर अन्तिम चयन के बाद भी अभ्यर्थन निरस्त हो सकता है।

21. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वह आवेदन–पत्र भरने की तिथि को अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों तथा समस्त प्रमाण–पत्र स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।

22. किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन–पत्र में गलत तथ्यों का प्रकटीकरण जिनकी वैध प्रमाण–पत्रों के आधर पर पुष्टि न हो या फर्जी प्रमाण–पत्रों (शैक्षिक योग्यता/अनुभव/आरक्षण संबंधी) के आधार पर आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षाओं से प्रतिबाधित कर दिया जायेगा साथ ही सुसंगत विधि के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध अभियोग भी दर्ज कराया जा सकता है।

23. परीक्षा के लिये आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्रता की सभी शर्तो को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा। अभ्यर्थी को मात्र प्रवेश–पत्र जारी किए जाने का यह अर्थ नहीं होगा कि उसका अभ्यर्थन विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है। यदि अभिलेख सत्यापन के चरण तक किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा और यदि वह अन्तिम रूप से चयनित हो जाता है तो भी विश्वविद्यालय की संस्तुति वापस ले ली जाएगी।

24. आवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त आवेदन में की गयी प्रविष्टियों यथा अर्हता, आरक्षण से संबंधित श्रेणी, आयु या अन्य किसी बिन्दु पर किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

25. अलग–अलग पदों में आवेदन करने हेतु पृथक–पृथक आवेदन तथा पृथक–पृथक शुल्क भी जमा किया जाना होगा।

26. लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे अपितु विश्वविद्यालय की वेबसाइटhttps://www.doonuniversity.ac.in/से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना दैनिक समाचार–पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति, विश्वविद्यालय वेबसाइट तथा अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर पर SMS के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।

27. अभ्यर्थी को परीक्षा/ टंकण परीक्षा हेतु की गई यात्राओं के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा।

**कुलसचिव**